मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3480

10.08.2026 को उत्तर के लिए

वनीकरण के लिए स्वीकृत/उपयोग की गई धनराशि

3480. श्री अरविंद गणपत सावंत :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले पाँच वर्षों के दौरान देश के वनों के क्षेत्रफल में कोई परिवर्तन आया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पाँच वर्षों के दौरान वनीकरण और पुनर्वनीकरण के लिए स्वीकृत तथा उपयोग किए गए धन का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) वन संरक्षण और वृक्षारोपण कार्यक्रमों के तहत रोपे गए पौधों की उत्तरजीविता दर क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने शहरी वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कोई नई योजना शुरू की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) एवं (ख): पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीनस्थ संगठन भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून द्वारा देश के वन आवरण का द्विवार्षिक आकलन किया जाता है तथा इसके निष्कर्ष भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किए जाते हैं। यह आकलन व्यापक स्थलीय सत्यापन द्वारा समर्थित सुदूर संवेदन तकनीक पर आधारित होता है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, देश का कुल वन आवरण 7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 21.76 प्रतिशत है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2019 की तुलना में देश के वन आवरण में 3,093.14 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2023 तथा भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2019 के बीच दर्ज वन आवरण में परिवर्तन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) से (ङ) मंत्रालय द्वारा वनीकरण, पुनर्वनीकरण, पारिस्थितिकीय पुनरुद्धार तथा वन संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इनमें हरित भारत मिशन (जीआईएम), प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा), तटीय पर्यावासों एवं आजीविका संवर्धन हेतु मैंग्रोव पहल (मिष्टी) तथा नगर वन योजना शामिल हैं। पिछले पाँच वर्षों के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत जारी/स्वीकृत निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुलग्नक-II से अनुलग्नक-V** में दिया गया है।

इसके अलावा, विश्व पर्यावरण दिवस, 2024 के अवसर पर तथा वर्तमान वर्ष में भी पूरे देश में वृक्षारोपण गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "एक पेड़ माँ के नाम #Plant4Mother" अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान "संपूर्ण सरकार" तथा "संपूर्ण समाज" की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें देश में हरित आवरण बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों की सहभागिता है। इस अभियान के माध्यम से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया है, जिससे देश के हरित आवरण में वृद्धि को बल मिला है।

वनीकरण, पुनर्वनीकरण, पारिस्थितिकीय पुनरुद्धार तथा वन संरक्षण के अंतर्गत लगाए गए पौधों की उत्तरजीविता अनेक कारकों पर निर्भर करती है, जैसे प्रजातियों का चयन, स्थल की स्थिति, जलवायु की स्थिति, वर्षा, मृदा में नमी, जैविक प्रभाव से संरक्षण तथा वृक्षारोपण के पश्चात रखरखाव। वृक्षारोपण की निगरानी कार्यान्वयन एजेंसियों तथा संबंधित राज्य वन विभागों द्वारा संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रावधानों तथा दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाती है। तथापि, मंत्रालय सभी वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रमों के अंतर्गत लगाए गए पौधों की उत्तरजीविता की दर संबंधी कोई केंद्रीकृत डाटाबेस नहीं रखता है।

मंत्रालय नगर वन योजना का कार्यान्वयन शहरी तथा उप-शहरी क्षेत्रों में वृक्ष आवरण बढ़ाने, जैव विविधता में सुधार करने तथा पारिस्थितिकीय लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कर रहा है। वर्ष 2020-21 से 2025-26 के दौरान ₹699.33 करोड़ की कुल स्वीकृत लागत से 19,348.591 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करने वाली 652 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है, जिसके लिए ₹564.39 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। जारी की गई निधियों का राज्यवार ब्यौरा **अनुलग्नक-V** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-।

'वनीकरण के लिए स्वीकृत/उपयोग की गई धनराशि' के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3480 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

आईएसएफआर 2023 और आईएसएफआर 2019 के बीच वन आवरण में परिवर्तन का राज्य वार ब्यौरा

(क्षेत्रफल वर्ग किमी में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**वन आवरण (आईएसएफआर 2019)**	**वन आवरण (आईएसएफआर 2023)**	**आईएसएफआर 2023 और आईएसएफआर 2019 के बीच वन आवरण में परिवर्तन**
1	आंध्र प्रदेश	29,137.00	30,084.96	947.96
2	अरुणाचल प्रदेश	66,688.00	65,881.57	-806.43
3	असम	28,327.00	28,313.555	-13.45
4	बिहार	7,306.00	7,532.45	226.45
5	छत्तीसगढ	55,611.00	55,811.75	200.75
6	दिल्ली	195.44	195.28	-0.16
7	गोवा	2,237.00	2,265.72	28.72
8	गुजरात	14,857.00	15,016.64	159.64
9	हरियाणा	1,602.00	1,614.26	12.26
10	हिमाचल प्रदेश	15,434.00	15,580.35	146.35
11	झारखंड	23,611.00	23,765.78	154.78
12	कर्नाटक	38,575.00	39,254.27	679.27
13	केरल	21,144.00	22,059.36	915.36
14	मध्य प्रदेश	77,482.00	77,073.44	-408.56
15	महाराष्ट्र	50,778.00	50,858.53	80.53
16	मणिपुर	16,847.00	16,585.46	-261.54
17	मेघालय	17,119.00	16,966.84	-152.16
18	मिजोरम	18,006.00	17,990.46	-15.54
19	नागालैंड	12,486.00	12,222.47	-263.53
20	ओडिशा	51,619.00	52,433.56	814.56
21	पंजाब	1,849.00	1,846.09	-2.91
22	राजस्थान	16,630.00	16,548.21	-81.79

23	सिक्किम	3,342.00	3,358.40	16.40
24	तमिलनाडु	26,364.00	26,450.22	86.22
25	तेलंगाना	20,582.00	21,179.04	597.04
26	त्रिपुरा	7,726.00	7,584.77	-141.23
27	उत्तर प्रदेश	14,806.00	15,045.80	239.80
28	उत्तराखंड	24,303.00	24,303.83	0.83
29	पश्चिम बंगाल	16,902.00	16,832.33	-69.67
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	6,743.00	6,732.92	-10.08
31	चंडीगढ़	22.03	25	2.97
32	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	227.49	225.62	-1.87
33	जम्मू एवं कश्मीर	21,122.00	21,346.39	224.39
34	लद्दाख	2,490.00	2,285.92	-204.08
35	लक्षद्वीप	27.1	27.06	-0.04
36	पुदुचेरी	52.41	44.31	-8.10
	कुल योग	**7,12,249.47**	**7,15,342.61**	**3,093.14**

अनुलग्नक-।।

'वनीकरण के लिए स्वीकृत/उपयोग की गई धनराशि' के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3480 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

पिछले पांच वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक) के दौरान हरित भारत मिशन (जीआईएम) के अंतर्गत जारी की गई राज्य-वार निधियां

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**कुल (पिछले 5 वर्ष)**
1	आंध्र प्रदेश	2.02
2	अरुणाचल प्रदेश	34.71
3	छत्तीसगढ	8.95
4	हरियाणा	64.49
5	हिमाचल प्रदेश	0.07
6	जम्मू एवं कश्मीर	10.99
7	कर्नाटक	15.58
8	केरल	8.49
9	मध्य प्रदेश	74.04
10	महाराष्ट्र	0.00
11	मणिपुर	27.35
12	मिजोरम	96.16
13	ओडिशा	38.81
14	पंजाब	11.44
15	सिक्किम	40.69
16	उत्तराखंड	119.49
17	पश्चिम बंगाल	1.52
18	उत्तर प्रदेश	8.73
कुल		**563.52**

अनुलग्नक-।।।

'वनीकरण के लिए स्वीकृत/उपयोग की गई धनराशि' के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3480 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

पिछले पांच वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक) के दौरान प्रतिपूरक वनीकरण के लिए राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा राज्य-वार/संघ राज्य-वार अनुमोदित निधियां

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**कुल (पिछले 5 वर्ष)**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	10.43
2	अरुणाचल प्रदेश	104.32
3	आंध्र प्रदेश	90.09
4	असम	10.15
5	बिहार	51.02
6	चंडीगढ़	0.43
7	छत्तीसगढ	154.78
8	दिल्ली	43.21
9	गोवा	30.69
10	गुजरात	144.24
11	हरियाणा	188.47
12	हिमाचल प्रदेश	46.54
13	जम्मू एवं कश्मीर	28.54
14	झारखंड	181.67
15	कर्नाटक	78.96
16	केरल	9.13
17	मध्य प्रदेश	358.30
18	महाराष्ट्र	88.49
19	मणिपुर	3.60
20	मेघालय	11.04
21	मिजोरम	7.86
22	लद्दाख	0.00
23	ओडिशा	215.90
24	पंजाब	156.92

25	राजस्थान	66.93
26	सिक्किम	40.90
27	तमिलनाडु	21.85
28	तेलंगाना	104.73
29	त्रिपुरा	25.34
30	उत्तर प्रदेश	69.13
31	उत्तराखंड	45.06
32	पश्चिम बंगाल	18.14
कुल		**2,406.86**

अनुलग्नक-IV

'वनीकरण के लिए स्वीकृत/उपयोग की गई धनराशि' के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3480 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक) के दौरान राष्ट्रीय कैम्पा के माध्यम से मिष्टी के अंतर्गत जारी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियां

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**जारी की गई निधियां**
1	गुजरात	67.30
2	पश्चिम बंगाल	3.74
3	केरल	1.68
4	पुदुचेरी	1.94
5	आंध्र प्रदेश	13.08
6	ओडिशा	0.70
कुल		**88.44**

नोट: मिष्टी को वर्ष 2023-24 में शुरू किया गया था और राष्ट्रीय कैम्पा के अंतर्गत संवितरण वित्तीय वर्ष 2024-25 से शुरू किया गया था।

अनुलग्नक-V

'वनीकरण के लिए स्वीकृत/उपयोग की गई धनराशि' के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3480 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक) के दौरान नगर वन योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय जारी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियों की स्थिति

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जारी की गई कुल निधियां
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.56
2	आंध्र प्रदेश	116.88
3	अरुणाचल प्रदेश	2.89
4	असम	1.70
5	बिहार	4.42
6	चंडीगढ़	0.13
7	छत्तीसगढ	14.53
8	गोवा	2.05
9	गुजरात	7.43
10	हरियाणा	4.49
11	हिमाचल प्रदेश	4.86
12	जम्मू एवं कश्मीर	15.09
13	झारखंड	23.18
14	कर्नाटक	22.15
15	केरल	12.83
16	मध्य प्रदेश	82.29
17	महाराष्ट्र	5.09
18	मणिपुर	3.53
19	मेघालय	2.43
20	मिजोरम	21.72
21	नागालैंड	28.10
22	ओडिशा	18.71
23	पंजाब	7.03
24	राजस्थान	54.62

25	सिक्किम	10.86
26	तमिलनाडु	12.23
27	तेलंगाना	33.02
28	त्रिपुरा	5.05
29	उत्तर प्रदेश	39.97
30	उत्तराखंड	3.75
31	पश्चिम बंगाल	2.77
कुल		**564.39**